पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में दो फ्लाईओवर पुलों का लोकार्पण किया

श्री अमित शाह ने कहा सरखेज-गांधीनगर-चिलोडा नेशनल हाइवे पर ट्रैफ़िक का भार कम करने के लिए जल्द ही सात और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे

कोरोना संकट से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था नीचे गयी है लेकिन मोदी सरकार के अथक प्रयासों से जल्दी ही भारतीय अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर लौटेगी

अब तक के सबसे बड़े कोरोना संकट के समय भी देश की विकास यात्रा नहीं थमी

श्री अमित शाह ने कोरोना महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने के बावजूद विकास की गति बनाए रखने के लिए गुजरात सरकार की सराहना की

नई दिल्ली, 30.11.2020

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में दो फ्लाईओवर पुलों का लोकार्पण किया। अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रुपानी, उपमुख्यमंत्री श्री नितिन पटेल और अन्य गण्यमान्य लोग

शामिल हुए। पहला फ्लाईओवर ब्रिज सिंधू भवन क्रॉस रोड पर बनाया गया है, जिसकी लंबाई 245 मीटर है और इसके निर्माण पर 35 करोड़ रुपये की लागत आयी है। सानंद जंक्शन पर बनाए गए 240 मीटर लंबे दूसरे फ़्लाइओवर ब्रिज पर 36 करोड़ रुपये ख़र्च हुए हैं।

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि सरखेज-गांधीनगर-चिलोडा नेशनल हाइवे पर ट्रैफ़िक का भार कम करने के लिए जल्द ही सात और फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरखेज से चिलोडा के बीच 50 किलोमीटर मार्ग पर निर्बाध ट्रैफ़िक रहेगा और यह देश मे अपनी तरह का एक अनोखा स्ट्रैच होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने समय से पहले परियोजनाओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेज़ी से सुधार हो रहा है। आधारभूत सुविधाओं के निर्माण में गुजरात देश का नेतृत्व कर रहा है और चहुंमुखी विकास के क्षेत्र में उसने कई पहल की हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात ने गांवों में 24 घंटे बिजली, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्माण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विकास और निजी बंदरगाह जैसे कई विकासात्मक क़दम उठाए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने संतोष जताते हुए कहा कि अब तक के सबसे बड़े कोरोना संकट के समय भी देश की विकास यात्रा नहीं थमी। श्री शाह ने कहा कि कोरोना संकट से पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था नीचे गयी है लेकिन मोदी सरकार के अथक प्रयासों से जल्दी ही भारतीय अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर लौटेगी। केंद्र सरकार ने कोरोना संकट के समय को औद्योगिक नीति, शिक्षा नीति और सामाजिक क्षेत्र में अन्य महत्त्वपूर्ण दूरगामी नीतिगत सुधारों के लिए उपयोग किया। श्री अमित शाह ने कोरोना महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने के बावजूद विकास की गति बनाए रखने के लिए गुजरात सरकार की सराहना की।

******

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी